# घाटी की तीनों संसदीय सीट छोड़कर, शेष पर सीट शेयरिंग चर्चा हो: उमर अब्दुल्ला

## महागठबंधन में विवाद, राजनीतिक पंडितों का मानना कि नेकां नेता का ब्यान हो सकता है कोई सियासी चाल

**सतीश वर्मा**

**जम्मू, मेट्रो मीडिया।** विपक्षी महागठबंधन इंडिया में लोकसभा चुनाव के मतदान नजर सीट शेयरिंग को लेकर अन्य कुछेक राज्यों में जो स्थिति बनी है, जम्मू कश्मीर भी उससे अलग दिखाई नहीं देता है। यहां इस विपक्षी महागठबंधन में जम्मू कश्मीर के हवाले से ना तो कांग्रेस और ना ही पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी यानी पीडीपी के नेतृत्व की ओर से यहां सीट शेयरिंग को लेकर कोई विवादित बयान आया है, लेकिन अपने स्वभाव के मुताबिक नेशनल कांफ्रेंस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि घाटी की तीनों सीटें विगत सन 2019 के आम लोकसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस ने जीती थीं ,इसलिए इन सीटों पर कोई बात नहीं होगी। जो बातचीत होनी है, वह जम्मू संभाग की दोनों लोकसभा सीटों के अलावा लद्दाख की संसदीय सीट पर होगी।

मालूम हो कि विगत वर्ष हुए परिसीमन के बाद जम्मू संभाग की जो दो संसदीय सीटें हैं, वह जम्मू रियासी तथा डोडा उधमपुर कठुआ संसदीय सीटें हैं। इन दोनों संसदीय तथा लद्दाख संसदीय सीट पर जगत लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जीत का परचम लहराया था। जबकि घाटी की श्रीनगर, बारामुला तथा अनंतनाग संसदीय सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस ने जीत हासिल की थी। काबिलेगोर है कि दक्षिण कश्मीर की अनंतनाग लोकसभा संसदीय सीट का परिसीमन में पुनर्निर्धारण करके इस सीट को जम्मू संभाग के जिला राजौरी व पुंछ तक जोड़ दिया गया है। जबकि विगत लोकसभा चुनाव तक यह दोनों जिले जम्मू पुंछ संसदीय सीट के अंतर्गत आते थे।

जानकारों का मानना है कि अनंतनाग संसदीय सीट का इस प्रकार पुनर्निर्धारण भाजपा के लिए मुफीद साबित हो सकता है। ऐसा



आरोप विपक्षी दलों द्वारा परिसीमन आयोग पर भी लगाया गया था कि आयोग ने भाजपा के पक्ष में इस सीट का इस प्रकार पुनरनिर्धारण किया है। बहरहाल, असल बात यह है कि घाटी में वहां के आधारित मुख्य राजनीतिक दलों; नेशनल कांफ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, अवामी नेशनल पार्टी आदि के अलावा कुछ गुटों ने 5 अगस्त 2019 को विशेष दर्जे वाले जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 व 35ए को भारी बहुमत से खत्म किए जाने किए के केंद्र की मोदी सरकार के कदम के बाद कश्मीर में इस मुद्दे को लेकर गुपकार एलाइंस गठित किया था। इसके अलावा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय स्तर पर बने विपक्षी महागठबंधन इंडिया में इन दलों के शामिल होने के बावजूद जम्मू कश्मीर में सीट शेयरिंग के मुद्दे पर अभी तक अधिकृत तौर पर कोई भी तस्वीर सामने नहीं आ पाई है। लेकिन, नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष एवं श्रीनगर से लोकसभा सांसद डॉक्टर फारूक अब्दुल्ला के बेटे एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का लोकसभा सीटों पर सीट शेयरिंग को लेकर दिया गया बयान एक नए विवाद की ओर इशारा कर रहा है।

बताते चलें कि उमर अब्दुल्ला ने ऐसा बयान पहली बार नहीं दिया है कि जिससे विपक्षी एकता में विवाद खड़ा हो, इससे पहले वह श्रीनगर में पिछले साल पार्टी के नेताओं की हुई अहम बैठक में विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर कहा था कि घाटी की सभी 47 विधानसभा सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारेगी। उमर अब्दुल्ला के उक्त बयान से तब भी खासकर पीडीपी हलकों में इसे लेकर नाराजगी देखी गई थी। यह जुदा बात है कि तब फारूक अब्दुल्ला इस विवाद को बढ़ते देख अपनी ओर से सफाई देने की कोशिश की थी। उमर अब्दुल्ला के कई बार ऐसे बयान भी सामने आ चुके हैं, जिसमें वह न केवल कांग्रेस या पीडीपी बल्कि जिस विपक्षी महागठबंधन में उनकी पार्टी भी शामिल है,उसके खिलाफ दिए गए। इसलिए यहां राजनीतिक पंडितों का मानना है कि उमर अब्दुल्ला भले यहां के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन वह अभी भी अपरिपक्व तथा अनप्रिडिक्टेबल नेता दिखाई देते हैं।

## एक नजर

### राज्यसभा ने पूर्व सदस्य वीणा वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राज्यसभा ने बृहस्पतिवार को पूर्व राज्यसभा सदस्य वीणा वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सम्मान में कुछ देर मौन रखा। उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य रही वीणा वर्मा के निधन की जानकारी दी। उनके कार्यकाल को याद करते हुए पूरे सदन ने उन्हें कुछ देर मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वीणा वर्मा 83 वर्ष की थीं। वह कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं। दिल्ली के एक निजी अस्पताल में उनका मंगलवार को निधन हो गया।पहली बार वर्ष 1986 में उन्हें राज्यसभा के लिए उन्हें नामित किया गया था। तब से लेकर वर्ष 2000 तक वह लगातार तीन बार राज्यसभा की सदस्य रहीं।

### केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने भाजपा अध्यक्ष नड्डा से की मुलाकात

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने लोकसभा चुनाव से पहले अपनी पार्टी के दावों को आगे बढ़ाने के लिए बृहस्पतिवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे. पी. नड्डा से मुलाकात की। पारस के साथ उनकी पार्टी के तीन अन्य लोकसभा सदस्य भी थे। पार्टी ने एक बयान में कहा कि आरएलजेपी नेताओं ने अन्य मुद्दों के अलावा बिहार में चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रणनीति पर चर्चा की। पारस के नेतृत्व वाली पार्टी और उनके भतीजे एवं लोकसभा सदस्य चिराग पासवान की अध्यक्षता वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) में तीखी जुबानी जंग होती रहती है, क्योंकि दोनों ही दल चिराग पासवान के पिता एवं दलित नेता रामविलास पासवान की राजनीतिक विरासत के लिए लड़ रहे हैं। भाजपा के सहयोगी चिराग पासवान ने भी इस बात पर जोर दिया है कि उनकी पार्टी संसदीय चुनाव में छह सीट पर लड़ना चाहेगी। लोक जनशक्ति पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भी इतनी ही सीट पर चुनाव लड़ा था, जब चिराग पासवान और पशुपति पारस रामविलास पासवान के नेतृत्व में एक साथ थे। चिराग पासवान ने हाजीपुर सीट पर भी दावा किया है, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में लोकसभा में पारस करते हैं।

# भाजपा राजनीतिक दलों को तोड़ना जानती है: अखिलेश

**वाराणसी, एजेंसी।**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यीक्ष अखिलेश यादव ने अपने गठबंधन के सहयोगी राष्ट्री य लोकदल (रालोद) के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ जाने की अटकलों के बीच बृहस्पितिवार को कहा कि भाजपा दलों को केवल तोड़ना जानती है और उसे यह भी पता है कि कब किसको 'खरीदना' है। यादव ने वाराणसी में संवाददाताओं से बातचीत में रालोद के भाजपा के साथ जाने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'भारतीय जनता पार्टी दलों को तोड़ना जानती है। किसको कब लेना है, वह जानती है। वह यह भी जानती है कि कैसे बेईमानी करनी है। चंडीगढ़ में आपने देखा कि किस तरह से बेईमानी हुई। भारतीय जनता पार्टी यह भी जानती है कि कब



किसको खरीदना है। वह यूं ही थोड़ी सबसे बड़ा दल बन गया है।

उन्होंने कहा, 'भाजपा जानती है कि कब किसको कैसे क्याह करना है। किसके पास ईडी भेजना है, किसके पास सीबीआई भेजनी है, कब कहां आयकर का छापा डलवाना है और किस पत्रकार का कब मुंह बंद करना है। इस बीच, उत्त र प्रदेश के उप मुख्यैमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में संवाददाताओं से बातचीत में राष्ट्रीय लोकदल और भाजपा की कथित रूप से बढ़ती नजदीकियों के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'राजनीति में हमेशा संभावनाएं रहती हैं और भारतीय जनता पार्टी हमेशा भारत माता के प्रति समर्पित भाव से काम करने वाली पार्टी है। वह उत्तर प्रदेश के चतुर्दिक विकास में सहायक लोगों के साथ है। हम सभी का हृदय से स्वागत करते हैं।

कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने रालोद के भाजपा के साथ जाने की अटकलें के बारे में कहा, 'देखिये, यह चर्चा तो मीडिया में चल रही है। इसके अलावा जहां तक गठबंधन की बात है, वहां पर सब कुछ ठीक है। कोई चिंता का विषय नहीं है। सपा और रालोद ने वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव और वर्ष 2022 का उत्त र प्रदेश विधानसभा का चुनाव साथ मिलकर लड़ा था। रालोद और सपा ने विपक्ष के इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूरसिव अलायंस (इंडिया) में शामिल होने का ऐलान किया था और सपा ने गठबंधन के तहत रालोद को आगामी लोकसभा चुनाव के लिये सात सीटें दी थीं। हालांकि रालोद ज्या दा सीटों की मांग कर रहा था।

## नीतीश ने आडवाणी से की मुलाकात

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वयोवृद्ध नेता लाल कृष्ण आडवाणी से मुलाकात की और उन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' मिलने पर बधाई दी। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन से नाता तोड़कर एक बार फिर से भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने के बाद अपनी पहली दिल्ली यात्रा के दौरान नीतीश कुमार ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की थी। नीतीश कुमार ने 2013 के बाद से कई बार भाजपा के साथ संबंध टूटने के बावजूद हमेशा आडवाणी का बहुत सम्मान किया है।

## कांग्रेस सांसद ने मणिपुर के हालात पर 'श्वेतपत्र' प्रस्तुत करने की मांग की

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने बृहस्पतिवार को सरकार से मणिपुर में हिंसा के हालात पर 'श्वेतपत्र' प्रस्तुत करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि कुछ राज्यों में गिरजाघरों में तोड़फोड़ की जा रही है और पादरियों को धमकाया जा रहा है।

सुरेश ने लोकसभा में शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में गिरजाघरों में तोड़फोड़ की घटनाएं बार-बार सामने आ रही हैं और दक्षिणपंथी संगठन ईसाई मिशनरियों और पादरियों को धमका रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उपद्रवी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय भाजपा हिंसा में शामिल लोगों का समर्थन कर रही है।

सुरेश ने कहा, फादर अनिल मैथ्यू की गिरफ्तारी ईसाई मिशनरियों और पादरियों के खिलाफ मध्य प्रदेश सरकार की नफरत दिखाती है, जिन्हें गलत तरह से फंसाकर जेल में डाला गया।

मेरी सरकार से अपील है कि इस मामले में रिपोर्ट मांगे और मानवाधिक आयोग स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करे। उन्होंने यह मांग भी उठाई कि केंद्र सरकार को मणिपुर के हालात पर और जातीय हिंसा पर सदन में एक 'श्वेतपत्र' प्रस्तुत करना चाहिए।

## लेखानुदान में राज्य के लिए कोई 'विजन' नहीं : गहलोत

**जयपुर, एजेंसी।**

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में पेश लेखानुदान में राज्य के लिए कोई दृष्टि नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कटाक्ष करते हुए कहा इस लेखानुदान से राजस्थान की भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी की हवा निकाल दी है।

गहलोत ने एक बयान में कहा कि राजस्थान की वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए लेखानुदान में राज्य के लिए विजन की बजाय पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप ही दिखाई दिए हैं। उन्होंने कहा वित्त मंत्री ने कहा कि राजस्थान सरकार पर कर्ज 2 लाख करोड़



रुपए बढ़ गया पर मैं उनकी जानकारी में लाना चाहूंगा कि भारत सरकार पर संप्रग सरकार के समय 2014 तक 55 लाख करोड़ रुपये का कर्ज था जो 2023 तक 106 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 161 लाख करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार के सभी वित्तीय संकेतक भारत सरकार से बेहतर रहे हैं।

## कश्मीर में हाड़ कंपा देने वाली ठंड की स्थिति बरकरार

**श्रीनगर,एजेंसी।** कश्मीर में बृहस्पतिवार को भी अधिकांश स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे रहा जिससे घाटी में हाड़ कंपा देने वाली ठंड की स्थिति बरकरार है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग स्कीइंग रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इससे बीती रात शून्य से नीचे 10.5 डिग्री था।

तापमान के नीचे गिर जाने से गुलमर्ग में बुधवार की रात घाटी की सबसे सर्द रात रही। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# 'इंडिया' गठबंधन के घटकों में अच्छा समन्वय है: कांग्रेस

**नागपुर, एजेंसी।**

कांग्रेस के सचिव डॉ.विनीत पुनिया ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के सदस्यों के बीच अच्छा समन्वय है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जानबूझकर गठबंधन के खिलाफ विमर्श पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसा कर रही है, क्योंकि वह जानती है कि जनता 'इंडिया' गठबंधन को पसंद कर रहे हैं। पुनिया यहां कांग्रेस के 'जय जवान' अभियान के बारे में जानकारी देने के लिए आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अभियान की शुरुआत पिछले सप्ताह राहुल गांधी ने 1.5 लाख युवाओं को 'न्याय' दिलाने के मकसद से की थी, जिनका चयन रक्षा सेवाओं में किया गया है, लेकिन 'अग्निपथ' योजना



शुरू होने के बाद 'नियुक्ति नहीं दी' जा रही है।

'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के बीच मतभेद की खबरों के संबंध में पूछे जाने पर कांग्रेस पदाधिकारी ने कहा, यह भाजपा का विमर्श है, जो जा न बू झ क र पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटकों के बीच अच्छा समन्वय और समझ है। उनके बीच कोई समस्या नहीं है। जब चर्चा होती है, तो स्वाभाविक है कि साझेदार अधिक अवसर की मांग करेंगे और इसमें कुछ भी गलत नहीं है। इसका अभिप्राय यह नहीं है कि गठबंधन के घटक एक दूसरे के खिलाफ हैं।

पुनिया ने कहा, भाजपा निराश हो रही है और उसकी कोशिशें निराशा की वजह से है। वे जो कुछ भी कर रहे हैं, वह उनकी असुरक्षा को दर्शाता है। वे खुद जानते हैं कि उनकी स्थिति मजबूत नहीं है। वे जानते हैं कि जनता, किसान और युवा उनसे खुश नहीं हैं। वे इस विमर्श के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि कोई विकल्प नहीं है। लेकिन वे खुद भी जानते हैं कि 'इंडिया' असली संगठन है और जनता इसे पसंद करती है। उन्होंने 'जय जवान' अभियान के बारे में बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने 1.5 लाख युवाओं के सपनों को चकनाचूर कर दिया है, जिन्होंने रक्षाबलों में नियमित भर्ती के लिए सभी परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।


**Morning Glory Leasing and Finance Limited**

CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in

Regd. Off: IRIS House 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.

Email: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

Extract of Statement of Standalone Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months Ended December 31, 2023 (₹ in Lakhs)

| S. No. | Particulars | Standalone For the Quarter Ended on 31-12-2023 Unaudited | For the Quarter Ended on 31-12-2022 Unaudited | For the Nine Months Ended on 31-12-2023 Unaudited | For the Year Ended on 31-03-2023 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from Operations | 1.31 | 1.25 | 4.71 | 5.00 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax & Exceptional items) | 0.08 | 0.06 | 2.18 | 2.74 |
| 3 | Net Profit for the period (before Tax after Exceptional items) | 0.08 | 0.06 | 2.18 | 2.74 |
| 4 | Net Profit for the period (after Tax after Exceptional items) | (58.47) | 0.05 | (78.27) | 2.03 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | (58.55) | (67.97) | (79.93) | 8.33 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each) | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | 636.06 |
| 8 | Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (For continuing and discontinued operations) (Not Annualised) | | | | |
| | 1. Basic | (23.48) | (27.30) | (31.43) | 3.35 |
| | 2. Diluted | (23.48) | (27.30) | (31.43) | 3.35 |

NOTE :
1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 8th February, 2024. The financial results for the quarter and period ended December 31,2023 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of quarterly/nine months/annual financial results filed with the stock exchange under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly/nine months/annual financial results is available on the stock exchange website.(URL-www.msei.in) and Company's website at https://www.morninggloryleasing.in.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of Morning Glory Leasing & Finance Limited
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director and Chief Financial Officer

Place : New Delhi
Date : 08th February, 2024


## सुंदरबनी: सेना की सीएसडी कैंटीन शहीद हवलदार डिप्टी लाल के नाम की गई समर्पित

**जम्मू, मेट्रो मीडिया।**

भारतीय सेना ने 28 इन्फेंट्री ब्रिगेड की सीएसडी कैंटीन को सन 1948 में दुश्मन के छक्के छुड़ाते हुए वीरगति प्राप्त करने वाले वीर चक्र से सम्मानित किए गए हवलदार डिप्टी लाल के नाम समर्पित किया है। इस अवसर पर आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में शहीद हवलदार डिप्टी लाल के आश्रितों में भतीजे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व एमएलसी रविंद्र शर्मा भी मौजूद थे।

इस कार्यक्रम में ब्रिगेड कमांडर कपिल थापा भारत और मुख्य अतिथि मौजूद थे। जिला राजौरी के सुंदरबनी निवासी शहीद डिप्टी लाल 15 जून 1948 को शहीद हुए थे। मालूम हो कि उस दौरान नौशेरा के शेर कहे जाने वाले ब्रिगेडियर उस्मान की उसी दौरान शहादत हुई थी। महज 27 साल की उम्र में



शहादत पाने वाले हवलदार डिप्टी लाल के लिए 26 जून 1950 को तत्कालीन सदरे रियासत डॉक्टर करण सिंह ने शहीद के भाई हवलवार राधा कृष्ण को मरणोपरांत गैलंट्री अवॉर्ड भेंट किया था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंद्र शर्मा ने कहा कि उनका समूचा परिवार देश और सेना के लिए हमेशा समर्पित रहा है। जिसका हमें गर्व है।

कार्यक्रम में सेना के कई अधिकारियों के अलावा इलाके के बड़ी संख्या में गण मान्य नागरिकों ने भी शिरकत की।

## पशुधन गणना के लिए मशीनरी को संवेदनशील बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने देश भर में इस वर्ष करायी जाने वाली 21वीं पशुधन गणना के लिए त्रंत को संवेदनशील बनाना शुरू कर दिया है। मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी विभाग की सचिव (डीएएचडी) अलका उपाध्याय ने गुरुवार को राजधानी में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा तकनीकी समिति के सदस्यों के साथ 21वीं पशुधन गणना के लिए मशीनरी को संवेदनशील बनाने के बारे में बैठक की।

अभ्यास — हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग और सुरक्षा को बढ़ावा देना है अभ्यास का मकसद

# अब सिटी ऑफ डेस्टिनी में होगा भारतीय नौसेना का बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'मिलन'

**आदित्य विक्रम सिंह**

**नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।** भारतीय नौसेना का बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'मिलन' 19-27 फरवरी तक सिटी ऑफ़ डेस्टिनी विशाखापत्तनम में होगा। मिलन अभ्यास हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग और सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के बढ़ते रणनीतिक महत्व ने मिलन अभ्यास को महत्वपूर्ण बना दिया है, जो जिम्मेदार समुद्री शक्ति होने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अभ्यास का 11वां संस्करण फरवरी-मार्च 2022 में पूर्वी नौसेना कमान के तहत विशाखापत्तनम में



'सौहार्दपूर्ण-सामंजस्य-सहयोग' विषय के साथ आयोजित किया गया था। मिलन एक द्विवार्षिक बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास है, जो 1995 में चार देशों इंडोनेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड की भागीदारी के साथ शुरू हुआ था। मिलन प्रशांत महासागर क्षेत्र में समुद्री सहयोग और सुरक्षा को बढ़ावा देने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन है। अभ्यास के 10 संस्करण अंडमान और निकोबार कमान के तत्वावधान में हुए लेकिन एक दशक में इसका कद बढ़ा है। अब भविष्य में होने वाले मिलन अभ्यासों के लिए पसंदीदा स्थान के रूप में सिटी ऑफ़ डेस्टिनी विशाखापत्तनम को चुना गया है।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने गुरुवार को बताया कि यह शहर विभिन्न पहलुओं के कारण इस अभ्यास की मेजबानी के लिए आदर्श है। विशाखापत्तनम में प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र होने के साथ बड़े बंदरगाह, इसके तटों के करीब खड़ी तटीय ढलान, जहाजों को तट के किनारे तक संचालित करने में सक्षम है। यहां की लंबी तटरेखा आम जनता के लिए उत्कृष्ट दृश्य अनुभव प्रदान करती है। विशेष रूप से आरके बीच का सुंदर दृश्य, उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे के साथ, तट के किनारे स्थानीय आबादी के लिए मिलन के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों, जैसे परिचालन प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय सिटी परेड की मेजबानी के लिए अनुकूल है।

उन्होंने बताया कि यह अभ्यास बंदरगाह और समुद्री चरण में होगा। अभ्यास में भाग लेने वाले देशों के बीच सांस्कृतिक साझाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बंदरगाह चरण में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगोष्ठी, अंतरराष्ट्रीय सिटी परेड समुद्री तकनीक प्रदर्शनी और विभिन्न खेल कार्यक्रम होंगे। समुद्री चरण के दौरान भारतीय नौसेना के विमानों और अन्य इकाइयों के साथ मित्र विदेशी देशों के विमानों के साथ जहाज भी भाग लेंगे। इसमें बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास, उन्नत वायु रक्षा अभियान, पनडुब्बी रोधी युद्ध और सतह रोधी ऑपरेशन शामिल होंगे।


**Nidhi Services Limited**

Regd. Off : 5/19-B, Roop Nagar, Delhi - 110007

Tel.: 011-43215145, Mobile: 09811021216, CIN : L65999DL1984PLC018077, E-mail: nidhiservicesltd@gmail.com

Extract of Standalone Un-Audited Financial Results of the Quarter ended on 31st December, 2023

Amount (Rs. In Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Current Quarter ending 31-Dec-23 | Year to Date 31-Dec-23 | Corresponding 3 months ended in the previous year 31-Dec-22 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Total Income from Operations | 8.09 | 24.02 | 13.06 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items#) | 5.07 | 15.00 | 10.21 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items and/or Extraordinary items#) | 5.07 | 15.00 | 10.21 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items#) | 4.58 | 13.51 | 10.16 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 4.58 | 13.51 | 10.16 |
| 6 | Equity Share Capital | 150 | 150 | 150 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | | 506.22 | |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) - | | | |
| | 1) Basic : | 0.31 | 0.90 | 0.68 |
| | 2) Diluted : | 0.31 | 0.90 | 0.68 |

The above results were reviewed by the Audit Committee and thereafter taken on record by the Board in its meeting held on February 08, 2024 and also Limited Review Report were carried out by the Statutory Auditors.

Note
a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Company's Website i.e (www.nidhiservicesltd.com) and on the website of the Stock Exchange (www.cse-india.com) and (http://www.msei.in/index.aspx)

For Nidhi Services Limited
Sd/-
Udit Agarwal
Whole Time Director
DIN: 00239114

Place : Delhi
Date : 08.02.2024